प्रशासन गांवों के संग अभियान–2021

प्र.सं. 02/2021 अन्तर्गत 251ए आरटीएक्ट

रामप्रताप बनाम सुखराम(मृतक) हजारीराम आदि

जीसीएमएस : 2021/5

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी किए
15.11.2021	पत्रावली आज प्रशासन गांवों के संग अभियान 2021 कैम्प ग्रा.पं. 68 एनपी में पेश हुई। पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली का अवलोकन किया। प्रकरण तलबी अप्रार्थीगण हेतु विचाराधीन हैं। प्रार्थी ने अपनी कृषि भूमि में आवागमन हेतु अप्रार्थीगण की भूमि चक 65 एनपी मु.नं. 29 प.नं. 236/350 कि.नं. 14–15 उत्तरी दिशा की तरफ 2–2 बिस्वा रास्ता स्वीकृत करने हेतु निवेदन किया हैं। रिपोर्ट तहसीलदार रायसिंहनगर क्रमांक/राजस्व/2021/1324 दिनांक 06.09.2021का अवलोकन किया। मुताबिक रिपोर्ट चक 65 एनपी के प.नं. 236/350 मु.नं. 29 कि.नं. 11–12 सालम, 13/1/0.228 कुल 0.734है. रकबा पर काबिज काश्त तारूराम पुत्र सुखराम द्वारा कि.नं. 14–15 उत्तरी पासा पर रास्ता स्वीकृत करवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया हैं। प्रकरण में समझाईश व सीमाज्ञान करवाकर तारूराम पुत्र सुखराम को रास्ता आपसी सहमति से दिया गया हैं। वर्तमान में उक्त वर्तमान में कोई विवाद शेष नहीं हैं। रिपोर्ट के संलग्न फर्द मौका का अवलोकन किया। मौका रिपोर्ट आई.एल.आर दिनांक 28.06.2021 के अनुसार मौका पर सीमाज्ञान व समझाईश करवाकर तारूराम को रास्ता दिलवा दिया गया हैं अब वर्तमान में उक्त प्रकरण में रास्ता संबंधी कोई विवाद किसी भी काश्तकाल को नहीं हैं। मौका रिपोर्ट पर प्रार्थी रामप्रताप एवं अप्रार्थी गणेशाराम, मंगतूराम, कृष्णराम, तारूराम के द्वारा हस्ताक्षर किये गये हैं। प्रार्थी द्वारा संयुक्त खाता की भूमि में से रास्ता स्वीकृति की मागं की गयी हैं। रिपोर्ट तहसीलदार अनुसार मौका पर सीमाज्ञान एवं समझाईश द्वरा प्रार्थी को रास्ता दिलाया जा चुका हैं। जिस पर प्रार्थी द्वारा मौका रिपोर्ट पर हस्ताक्षर भी किये हैं। मुताबिक रिपोर्ट प्रकरण में रास्ता संबंधी कोई विवाद किसी भी काश्तकार को नहीं है। लिहाजा उक्त विवेचन एवं रिपोर्ट तहसीदार रायसिंहनगर के आधार पर प्रार्थना पत्र प्रार्थी खारिज किया जाता हैं। निर्णय मेरे द्वारा आज दिनांक 15.11.2021 को लिखाया जाकर मजमा–ए–आम में सुनाया गया। Signature Not Verified Digitally signed by Arpita Soni Date: 2022.02.21 17:23:45 IST Reason: SelfAttested अर्पिता सोनी उपखण्ड अधिकारी रायसिंहनगर कैम्प – 68 एनपी	

Scanned with CamScanner